# विघ्न विनाशक गौरी लाला | By Kumaar Mukesh

विघ्न विनाशक गौरी लाला लम्बोदर भगवान्
तुमने सबके दुखों को टाला देव बड़े हो महान

पहले होता आपका पूजन शिव ने है वरदान दिया
ब्रह्मा और विष्णु ने देखो हर दम तेरा ध्यान किया
देव दनुज ऋषि मुनि सब धरते हर दम तेरा ध्यान
तुमने सबके दुखों को टाला देव बड़े हो महान

सब पर तुम कृपा करते हो भरते हो भण्डार सदा
सारे जग में गूंजे हर दम तेरी जय जयकार सदा
लीला अपरम्पार तुम्हारी तुम हो कृपा निधान
तुमने सबके दुखों को टाला देव बड़े हो महान

उसपे तुमरी किरपा होती जो कोई ध्यान लगाए तेरा
विपदा सारी उसकी मिटाये गाये जो गुणगान तेरा
तू भी जोड़ ले ऐसा नाता हो जाए कल्याण
तुमने सबके दुखों को टाला देव बड़े हो महान

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a4%bf%e0%a4%98%e0%a5%8d%e0%a4%a8-%e0%a4%b5%e0%a4%bf%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%b6%e0%a4%95-%e0%a4%97%e0%a5%8c%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-by-kumaar-mukesh/